हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 29 अप्रैल 2025

11 विद्यार्थियों ने पक्षियों के आसरे के लिए लगा घोंसले



12 किसानों को सूचित किए बगैर सोलर कंपनी ...



## खबर संक्षेप

### झोझूकलां के गर्ल्स स्कूल में 30 को रात्रि ठहराव

**चरखी दादरी।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर उपायुक्त मुनीश शर्मा और पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी बुधवार 30 अप्रैल को झोझूकलां गांव में रात्रि ठहराव करेंगे। इस दौरान गांव की समस्याओं को सुना जाएगा और उनका समाधान भी किया जाएगा। साथ ही गांव के विकास को लेकर लोगों के सुझाव भी लिए जाएंगे।

### बिजली पेंशजर्न की मासिक बैठक 2 को

**भिवानी।** हरियाणा बिजली पैंशनर्ज वेलफेयर एसोसिएशन की जिला स्तरीय मासिक बैठक दो मई शुक्रवार को प्रातः 10 बजे नेहरू पार्क में वरिष्ठ उपप्रधान फतेसिंह की अध्यक्षता में होगी। यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला प्रधान बालमुकंद बापोड़ा व जिला महासचिव आरके चावला ने संयुक्त रूप से बताया कि जिन्होंने अपने कैश लैस कार्ड बनवाने के लिए आवेदन नहीं भरे हैं वे शीघ्र से शीघ्र रिटायरियों के कार्यालय में आवेदन जमा करवाएं, ताकि कैश लैस कार्ड बनवाया जा सके। उन्होंने बताया कि बैठक में एलटीसी, पैंशन बढ़ोतरी समेत अनेक समस्याओं के समाधान बारे विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा अधिकारियों से मिलकर उनका समाधान करवाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

# पीने के पानी के लिए मचा हाहाकार गली की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## लिखित में शिकायत करने के बाद यहां नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जन संघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में शहर के बीच में शहीद भगतसिंह मार्केट के नजदीक जिंदयान गली में पीने के पानी की कई दिनों से आपूर्ति नहीं हो रही है, उसको लेकर गली के नागरिकों में भारी रोष है, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जिला प्रशासन के विरुद्ध उन्होंने प्रदर्शन किया तथा शीघ्र पानी की प्रयाप्त आपूर्ति नहीं होने पर लम्बे आन्दोलन की चेतावनी दी।

गली के नागरिकों के बीच जन संघर्ष समिति भिवानी के संयोजक कामरेड ओम प्रकाश व वयोवृद्ध समाजवादी नेता कामरेड बलबीर शर्मा ने कहा कि गर्मियों में इस गली में पीने का पानी नहीं आता है, 4 अप्रैल के बाद यहां पानी नहीं आया और यहां के निवासी हैंडपम्प का खारा पानी पीने के लिए मजबूर हैं, जिंदयान गली में सड़क भी टूट्टी हुई है। कई बार रात को बिजली गायब रहती है। बार-बार अनुरोध करने व लिखित में शिकायत करने के बाद यहां नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। यहां इस मोहल्ले के साथ रूपा चंपा गली में भी पीने का पानी नहीं आ रहा है। इस गली के लोग भी विशेषकर महिलाएं पानी के अभाव में परेशान रहती हैं। उन्होंने बताया कि वे कई बार पानी की शिकायत को लेकर विधायक वार्ड के पार्षद के पास भी जा चुके हैं, परन्तु उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हर साल इन्हीं महीनों में पानी की समया बनती है। करीब चार पांच माह तक पीने के पानी की समस्या बनने के बाद तीसरे दिन पानी की सप्लाई आती है। अब तीसरे चौथे दिन भी पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। प्रदर्शन के दौरान कामरेड ओम प्रकाश ने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से गली में पानी की समस्या को लेकर फोन पर बातचीत की, तब जाकर जेई और सुपरवाईजर ने कुछ समय के लिए जिंदयान गली में पानी छोड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि संकट के समय एक दिन छोड़कर पानी देने की कोशिश करेंगे।




**भिवानी।** पानी की मांग को लेकर नारेबाजी करते शहर के लोग। फोटो : हरिभूमि

### जलघरों में पर्याप्त स्टॉक नहीं

शहरी ही नहीं ग्रामीण इलाकों में भी पीने के पानी की भयंकर समस्या बनी है। ग्रामीण इलाकों में इस बार नहरी पानी के न पहुंचने की वजह से जलघरों में पर्याप्त पानी का स्टॉक नहीं हो पाया है। जिस वजह से ग्रामीण इलाकों में अभी से तीसरे व चौथे दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है। कई जगहों पर तो यह पानी की सप्लाई नहरी पानी की बजाए ट्यूबवैलों के पानी की सप्लाई दी जा रही है। ग्रामीणों को इसी पानी से अपना हलक तर करना पड़ रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर राहुल शर्मा, कपिल शर्मा, अनिल जैन उर्फ लीलू जैन, सुनिता, युवा नेता अनुराग सहित मोहल्ले के कई गणमान्य महिला व पुरुष शामिल थे।

- अब तीसरे चौथे दिन भी पानी की सप्लाई नहीं आ रही है
- ओम प्रकाश ने अधिकारियों से बात की



**भिवानी।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी।

# सरकार की वादा खिलाफी से रोडवेज कर्मचारियों में भारी रोष

- 2 घंटे का किया विरोध प्रदर्शन जल्द मांगो को पूरा नहीं किया,

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बस स्टैंड पर सोमवार को रोडवेज सांझा मोर्चा के कर्मचारियों ने परिवहन महानिदेशक ने बातचीत के लिए पत्र निकालने के बाद भी उन्हें ना बुलाने के विरोध में बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी कर्मचारी बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिपो प्रधान अनिल फौजी व राजकुमार तालु ने की। मंच का संचालन डिपो सचिव अनिल नागर व सचिन कुंडू ने संयुक्त रूप से किया। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सांझ मोर्चा के नेता नरेंद्र दिनोद, मुकेश बलंभा, पवन शर्मा, अनिल फौजी, राजकुमार तालू ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उन्होंने बताया कि जब सांझा मोर्चा के बहादुर सिपाही आंदोलन करते है तो हरियाणा रोडवेज विभाग के महानिदेशक आंदोलन का नेतृत्व करने वाले नेताओं को पत्र के माध्यम से बातचीत के लिए न्योता दिया जाता है, लेकिन जिस तारीख को बातचीत होनी होती है। उस चिट्ठी को ठीक एक दिन पहले कैंसिल कर दिया जाता है। इसको लेकर सांझा मोर्चा के नेताओं में भारी रोष है। सांझा मोर्चा नेताओं ने सरकार को चेताते हुए कहा कि अगर उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वे 15 मई को परिवहन मंत्री अनिल विज के गृह क्षेत्र अंबाला में कर्मचारी न्याय मार्च निकालेंग। अगर फिर भी उनकी मांगों को नहीं माना गया तो 20 मई से पूरे प्रदेश का रोडवेज कर्मचारी रोडवेज विभाग का चक्का जाम करेंगे। जिसकी जिम्मेवारी सरकार की होगी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान सोनू प्रजापत, जयदीप, प्रताप राठौड़, पवन पाजू, रामकिशन, अशोक, सुरेश बडेसरा, राकेश दहिया, सुनील धनाना, रमेश बडेसरा, राकेश केरु, नवीन, अमित, नरेंद्र, छोटूराम मौजूद रहे।




### नरसिंहवास में बेटी का बनवारा निकाला

**चरखी दादरी।** गांव नरसिंहवास में ग्रामीणों द्वारा अनोखी पहल करते हुए बेटियों का हौसला अफजाई की है। इसके तहत गांव के रिटायर्ड आर्मी कैप्टन ओमप्रकाश शर्मा की पौत्री राधा कुमारी जिसका विवाह आगामी कुछ दिनों में होना तय हो गया है उसे घोड़ी पर बिठाकार कर बेटों भांति उसकी घुड़चढ़ी व बान के कार्यक्रम में सभी ग्रामीणों ने सहयोग किया। इस पहल के पीछे ग्रामीणों का लक्ष्य यही संदेश देना रहा है कि आज के समय में बेटी व बेटा एक समान प्रतिभा के धनी है। दोनों से समान व्यवहार होना चाहिए।

# कैंसर मरीजों की सहायता के लिए शिविर में 86 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की पुण्यतिथि पर अमित वशिष्ठ फाउंडेशन ने कैंसर मरीजों की सहायता के लिए सोमवार को गांव खरककलां स्थित दादी जाबदे मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर एवं अमित वशिष्ठ खेल स्टेडियम में दो त्रिवेणी रोपित की।

शिविर में बतौर मुख्यतिथि जजपा के जिलाध्यक्ष जितेंद्र धारेडू पहुंचे। शिविर में 86 युवाओं ने रक्तदान किया, जिन्हें अतिथियों ने बैज लगाकर एवं प्रमाण देकर सम्मानित किया। शिविर में रक्त एकत्रित करने के लिए एम्स बाढ़सा की टीम पहुंची। फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि अमित न सिर्फ बेहतरीन खिलाड़ी थे, बल्कि समाजसेवा के प्रति भी गहरी संवेदनशीलता रखते थे, उनकी याद में रक्तदान जैसे पुनीत कार्य का आयोजन कर हम उनके जीवन मूल्यों को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में बहुत से लोग रक्त कैंसर से पीड़ित है तथा कई बार समय पर रक्त की आपूर्ति न होने चलते उन्हें अपनी जान तक गंवानी पड़ती है, ऐसे में रक्तदाता रक्त कैंसर से पीड़ित लोगों की जान बचाने के लिए आगे आए हैं।



**भिवानी।** रणजी खिलाड़ी स्वर्गीय अमित वशिष्ठ की स्मृति में त्रिवेणी रोपित करते शिक्षक।

### एक व्यक्ति को अवैध हथियार सहित दबोचा

**भिवानी।** सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी ने राजस्थान के इनामी अपराधी को लोहारू से अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी के सहायक उप निरीक्षक सलीन कुमार अपन टीम के साथ गश्त पड़ताल ड्यूटी पिलानी रोड लोहारू मौजूद थे जो पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई की थाना लोहारू का एक अभियोग में उदघोषित अपराधी इनामी अपराधी पिलानी रोड लोहारू पर खड़ा है जिसके पास अवैध हथियार है। पुलिस टीम ने रेड करके व्यक्ति को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान दिगपाल पुत्र योगेंद्र निवासी झेरली राजस्थान के रूप में हुई है।

# तीन युवाओं ने रक्तदान कर छोटे बच्चे व गर्भवती की बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

इलाज की सुविधा होने के बाद भी कई बार लोगों के जीवन की डोर सिर्फ इसलिए टूट जाती है कि उन्हें समय पर खून नहीं मिलता। रक्तदान से किसी व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है, आज भी लोग गलत धारणाओं के कारण रक्तदान करने में हिचकते हैं, जबकि रक्तदान करने से रक्तदाता को कई गंभीर बीमारियों से बचाव होता है। आज भिवानी के दो निजी अस्पतालों में दाखिल मरीजों के लिए दो यूनिट ए पॉजीटिव व एक यूनिट ए नेगेटिव फ्रेश ब्लड की जरूरत पड़ी तो भिवानी के तीन रक्तवीरों ने बिना देर किए ब्लड बैंक पहुंचकर निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया।

भिवानी के किसी ब्लड बैंक में ए नेगेटिव ब्लड उपलब्ध न होने पर मरीज के परिजनों ने राजेश डुडेजा से सम्पर्क किया, तो उन्होंने पवन कुमार को तुरंत ब्लड बैंक में रक्तदान करवाकर छोटे बच्चे की जान बचाई। दूसरे गर्भवती महिला के केस में दो यूनिट ए नेगेटिव की जरूरत होने पर मनोज फोजी बीरण व ओम गैस एजेंसी से सतीश कुमार ने रक्तदान कर महिला की जिंदगी बचाने का सराहनीय कार्य किया। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि रक्तदान महान सामाजिक कार्य है, इससे न केवल जरूरतमंद की जान बच सकती है। समाज में कई लोग ऐसे हैं जो हर तीन महीने के बाद रक्तदान करना अपने जीवन का हिस्सा मान चुके हैं।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देते रक्तवीर राजेश डूडेजा।

### पुरस्कार 2024 के लिए 13 मई तक होंगे आवेदन

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय ने राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार 2024 के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये आवेदन 13 मई तक स्वीकार किए जाएंग। उपायुक्त मुनीश शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार की ओर से एमएसएमई सेक्टर को मिल रहे प्रोत्साहन और योजनाओं के चलते प्रदेश की इकाइयों के पास राष्ट्रीय मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का यह सुनहरा अवसर है।

# स्कूल नेशनल गेम्स में यश बेनीवाल ने जीता स्वर्ण




**भिवानी।** नई दिल्ली में 22 से 28 अप्रैल तक आयोजित 68वें स्कूल नेशनल गेम्स में अजीत बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज यश बेनीवाल ने 42 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर क्लब और प्रदेश का नाम रोशन किया है। कोच नवीन बल्हारा फ्रुटी ने बताया कि पहले भी यश ने स्कूल स्टेट में स्वर्ण पदक जीता था। इस अवसर पर क्लब प्रधान सुरेंद्र सिवाच, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, सरपंच आशीष बैनीवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, डॉ. मनफूल ग्रेवाल, मास्टर अजय सुहाग, राजेश बैनीवाल, मोनू वर्मा, ओमबीर बैनीवाल, मनजीत सांगवान फौजी, विकास बेनीवाल, सतवेन्द्र सांगवान, कर्णसिंह तंवर, राहुल तंवर, धर्मबीर दुहन, बीरसिंह, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सोमबीर सिवाच, भिवानी बॉक्सिंग सचिव शशिकांत, सतीश सिवाच, जितेन्द्र बैनीवाल, भूपेन्द्र ग्रेवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीन लीली, संजय लीली, बिजेन्द्र सिवाच, मनजीत, सुनील सिवाच, विकास बेनीवाल, दीपक चौधरी, अशोक शुरा, लाला शुरा, अमित बेनीवाल, राहुल कौशिक, रिंकु आदि ने पदक विजेताओं का स्वागत किया।

# ग्रामीण आंचल में प्रतिभा की कमी नहीं: सांगवान



**भिवानी।** यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं को सम्मानित करते।

**चरखी दादरी।** मनीषा सांगवान फाउंडेशन की तरफ से यूपीएससी परीक्षा में परचम लहराने वाले होनहारों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया, जिसमें यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले जितेंद्र व सचिन पंवार को सम्मानित किया। समारोह में आईआरएस विकास सांगवान बतौर मुख्यातिथि और आईआरएस सचिन अहलावत, आईपीएस राहुल बल्हारा, आईपीएस राहुल कल्हेर विशेष रूप से उपस्थित हुए। समारोह में आईआरएस विकास सांगवान ने कहा कि आज ग्रामीण आंचल में प्रतिभावान युवाओं की कमी नहीं है। अगर बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। आज जितेंद्र कुमार व सचिन ने साबित कर दिया है कि गांव के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। विकास सांगवान कहा कि मनीषा सांगवान फाउंडेशन की तरफ से ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। स्कूल-कॉलेजों में जाकर ग्रामीण पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे और सफलता के टिप्स दिए जाएंगे।




**चरखी दादरी।** सम्मान समारोह में लोगों को संबोधित करते सांसद धर्मबीर सिंह।

- यूपीएससी परीक्षा पास करने वाली स्वाति फौगाट के सम्मान में हुआ समारोह

# बेटियां ज्ञान व आत्मबल से समृद्ध राष्ट्र का करेंगी निर्माण : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आज के दौर में बेटियां हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। खेल के मैदानों में पदक जीतने से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने तक बेटियां समाज को यह संदेश दे रही हैं कि आज की बेटी केवल किताबों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शिक्षा के हर आयाम को छूते हुए समाज में बदलाव की वाहक बन रही है। इसका एक बार फिर से उदाहरण गांव मोडी की बेटी स्वाति फौगाट ने समाज के समक्ष पेश किया है, जिन्होंने यूपीएससी द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में 306वां रैंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। आज का यह सम्मान समारोह जिस बेटी के उपलक्ष में हो रहा है उसे बेटी ने परिवार गांव जिले के साथ-साथ प्रदेश का नाम भी सुनहरे अक्षरों में अर्जित कर दिया है।

सिविल सेवा परीक्षा में गांव मौडी की बेटी ने पास करके यह साबित कर दिया है कि आज के समय में बेटियां बेटों से बिल्कुल कम नहीं है। इस बेटी के नक्शे कदम पर चलकर अन्य बेटियां भी सिविल सेवा की परीक्षा पास करें और उन्हें गांव के ही सरकारी स्कूल में बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके इसके लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा करता हूं, यह बात भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने सोमवार को गांव मौडी स्थित शहीद राजवीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए।

बेटी स्वाति फौगाट के सम्मान में सोमवार को गांव मोडी स्थित वीर शहीद राजबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। सांसद चौ. ने कहा कि इस सफलता के पीछे परिवारों का बदलता दृष्टिकोण, सरकारी योजनाएं जैसे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और स्वयं बेटियों की मेहनत एवं आत्मविश्वास है। इस अवसर पर स्वाति फौगाट के परिजन, विधायक उमेद पातुवास, पूर्व विधायक सोमवीर गागड़वास, फौगाट खाप के प्रधान, सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## गांव लोहानी के खेतों में अचानक गेहूं के अवशेषों में लगी आग

# फानों की आग से झुलसी हरियाली, अग्निशमन दस्ते ने बुझाई

- अग्निशमन दस्ते ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सोमवार को गांव लोहानी के खेतों में अचानक गेहूं के अवशेषों में आग लगने से सड़क किनारे हरियाली पूरी तरह से जल गई। बाद में किसी व्यक्ति ने इस बारे में अग्निशमन के दस्ते को सूचना दी और दस्ता मौके पर पहुंचा। दस्ते ने करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उसके बाद ही आग की लपटें शांत हुई।

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर में अचानक सड़क किनारे खेतों में बचे गेंहू के अवशेषों में आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने विकट रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी। आग ने आसपास के खेतों को भी अपने लपेटें में ले लिया। लोगों ने अपने स्तर पर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी। आग की लपटें शांत होने की बजाए ओर तेज होती चली गई। बाद में किसी व्यक्ति ने इस बारे में अग्निशमन के दस्ते को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग का दस्ता मौके पर पहुंचा और आग बुझाने में जुट गया। करीब आधे घंटे में आग की लपटें पूरी तरह से शांत हो पाई। उसके बाद ही लोगों ने राहत की सांस ली।



### यातायात प्रभावित

सड़क किनारे खेतों में आग लगने के बाद आग का तांडव लगातार बढ़ता जा रहा था। आग ने खेतों के साथ सड़क किनारे की हरियाली को भी अपने आगौश में लेना आरंभ कर दिया। कुछ देर में सड़क किनारे खडे छोटे पेड़ पूरी तरह से आग की लपटों में झुलसने लगे। हालांकि बड़े पेड़ आग की लपटों से बच गए, लेकिन अधिकांश छोटे पेड़ पूरी तरह से आग के लपेटें में आ गए। जिसके चलते एकबारगी तो हरियाली पूरी तरह से झुलस गई। बाद में अग्निशमन विभाग का दस्ता पहुंचा और पानी की बोच्छारों से आग की लपटों को शांत किया। तब जाकर आग बुझी। इस दौरान किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए वाहन चालकों ने भी अपने अपने वाहनों को सड़क की दूसरी साइड से निकालना शुरू कर दिया। आग बुझने के बाद ही रोड पर वाहनों का सही ढंग से आवाजाही शुरू हो पाई।



स्पेशलः वर्ल्ड लाफ्टर-डे
4 मई

जिंदगी की इस आपा-धापी में हम हंसना भूलते जा रहे हैं, जबकि हेल्दी लाइफ के लिए हंसना बहुत जरूरी है। इस बात की पुष्टि कई शोध भी करते हैं। इसलिए नई-नई वजहों से खुलकर, जमकर हंसते रहिए, साथ ही दूसरों को भी हंसाते रहिए।

# खुलकर हंसें-हंसाएं जिंदगी में बहार लाएं

कवर स्टोरी

चेतना झा

सच कहा जाता है, 'लाफ्टर इज द बेस्ट थेरेपी'। हंसने से बड़ी कोई दवा नहीं। लाखों के कपड़े-गहने पहन लें या दुनिया के बेस्ट प्रोडक्ट से मेकअप कर लें, तस्वीर तो तभी अच्छी आएगी जब आप 'स्माइल प्लीज' कहने पर मुस्कुरा देंगी। 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा...' जैसे फिल्मी गीत यों ही नहीं बने हैं। छोटी-सी मुस्कुराहट चेहरे पर चार चांद लगा देती है। किसी की हंसी-मुस्कान कभी पहली नजर में भा जाती है, जीवन भर के साथी बन जाते हैं, तो किसी का संबल भी बनती है। कुदरत का यह तोहफा नायाब है। जब हम आज की व्यस्त दिनचर्या में अपनी हंसी खोते जा रहे हैं तो इसकी अहमियत को समझें, सजग हों कि हंसना जरूरी है। आज दुनिया भर में हंसने के बहाने ढूंढ़े जा रहे हैं। हंसना जरूरी न समझा जाता तो हर साल 'वर्ल्ड लाफ्टर-डे' क्यों मनाया जाता? आज तो हंसने-हंसाने के लिए जगह-जगह लाफ्टर क्लब खुल चुके हैं, लोग यहां आकर एक साथ हंसते हैं, अपना मेंटल स्ट्रेस कम करते हैं। अपने भीतर खुशियां समेटते हैं।

**शुरू हुई मेडिकल क्लाउनिंगः** हंसने के फायदे इसी से समझे जा सकते हैं कि मेडिकल क्लाउनिंग जैसे प्रोफेशन अब शुरू हो गए। इस प्रोफेशन को अपनाने वाले लोग अस्पतालों में या स्वयं क्लीनिक खोलकर असाध्य रोगों से जूझ रहे लोगों के होंठों पर मुस्कान लाने का प्रयास करते हैं। विभिन्न शोधों से मालूम हो चुका है कि ऐसे प्रयास किसी दवा से कम कारगर नहीं होते बल्कि यह कहिए कि दवाएं तभी काम करती हैं, जब चेहरे पर हंसी हो। दरअसल, हंसी हमारे भीतर सकारात्मक भाव पैदा करती है, इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कई शोधों से यह पता चला है कि हंसने से शरीर में एंडोर्फिन नामक हार्मोन बनता है, जो हमारा मूड हैप्पी रखता है। हम



अपने आपको तरोताजा महसूस करते हैं। यह हार्मोन हमें सुखद एहसास और पॉजिटिव थिंकिंग देता है।

**हंसी को न बनाइए दुर्लभः** हंसना हमारे लिए बहुत फायदेमंद है। इसीलिए अब लोग लाफ्टर क्लब के सदस्य बनने लगे हैं, लोग पार्क में एकत्र होकर हंसते हैं, लेकिन यहां यह भी सवाल उठता है कि क्या हंसी इतनी दुर्लभ हो गई है कि इसके लिए हमें बनावटी तरीके अपनाने पड़ें। हंसने के लिए हमें सहज तरीके अपनाने चाहिए ताकि हम सचमुच हंसें। हंसने के लिए हमें अपने आस-पास के लोगों की बातों पर हंसने की वजह खोजनी चाहिए। आमतौर पर हम हंसना-हंसाना दोस्तों-सहेलियों या फिर देवर-भाभी, जीजा-साली जैसे रिश्तों के बीच हुई बातें मानते हैं, लेकिन सिर्फ इनसे ही नहीं, आप अपने पति, बच्चों और बुजुर्ग माता-पिता के साथ भी मजेदार बातें करें, सबके साथ हंसिए। परिवार के सदस्यों के साथ हंसना आपके रिश्तों में मिठास घोलेगा, इससे आपके रिश्ते गहरे भी होंगे।



**बेस्ट एंटी एजिंग फॉर्मूलाः** अगर आप यह कॉम्प्लिमेंट पाना चाहती हैं, 'आपकी स्किन से आपकी उम्र का पता ही नहीं चलता,' तो किसी साबुन या क्रीम से ज्यादा अपनी हंसी पर भरोसा कीजिए। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हंसने से चेहरे की मांसपेशियों की बेहतरीन एक्सरसाइज होती है। इससे चेहरे पर झुर्रियां जल्दी नहीं पड़तीं। हंसने के दौरान हम गहरी सांस लेते और छोड़ते हैं, इस कारण शरीर में ऑक्सीजन का संचार बेहतर होता है। यही कारण है कि हंसने-हंसाने वाली महिलाएं न केवल अधिक जवां दिखती हैं, ऊर्जावान भी रहती हैं, तो एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स पर पैसे बहाने की बजाए, बस हंसी पर ऐतबार कीजिए और हमेशा जिंदादिल, जवां रहें।

**ध्यान कीजिए पिछली बार कब खुलकर हंसी थींः** आज की लाइफस्टाइल में हंसना-हंसाना बहुत बड़ी बात हो गई है।



हास्य कलाकारों या कवियों के पारिश्रमिक कई बार आपको चौंका सकते हैं। यह और बात है कि ऊंचा पेमेंट लेकर भी कई बार वे घिसी-पिटी हास्य कविताएं या जोक सुनाते हैं। हंसाने के लिए टीवी पर कई कॉमेडी शोज भी आते हैं। इनकी टीआरपी बहुत अच्छी होती है। असल में यह सारी मशक्कत इसलिए है कि हम हंसना अब भूलते जा रहे हैं। बड़ी-से-बड़ी किसी हंसी वाली बात पर भी बस हल्के से मुस्कुरा देना,हमारी आदत-सी बन गई है। यकीन न हो तो खुद ही याद कीजिए कि पिछली बार आप कब खुलकर हंसी थीं?

**ड्रामा नहीं, कॉमेडी देखिएः** पिछले दिनों यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड में एक शोध किया गया। जिन लोगों पर यह शोध किया गया, उन्हें दो ग्रुप में बांटा गया। पहले ग्रुप को कॉमेडी दिखाई गई तो दूसरे को थोड़ा तनाव देने वाला ड्रामा दिखाया गया। परिणाम में देखा गया कि जिस ग्रुप को कॉमेडी दिखा कर हंसाया गया, उनका रक्त संचार दूसरे ग्रुप से बेहतर था। इसलिए टीवी पर सास-बहू या अपराध से जुड़े सीरियल देखने से कहीं बेहतर है, आप हेल्दी कॉमेडी शोज को देखें।

**दर्द हो जाएगा उड़न-छूः** यकीनन आपकी जिंदगी में भी कई ऐसे लोग होंगे, जिनकी हंसी-ठिठोली देखकर आपके सारे गम उड़न-छू हो जाते होंगे। काम से थक कर वापस आने पर जीवन साथी या बच्चों की हंसी और बूढ़े माता-पिता की मुस्कान एक सुकून देती है। इनकी वजह से ही हम कुछ देर के लिए सारे दुख-दर्द भूल जाते हैं। कई शोध में पाया गया है कि स्पोंडिलाइटिस या कमर, रीढ़ के असहनीय दर्द को दूर भगाने में लाफ्टर थेरेपी बहुत कारगर साबित हुई है। इसीलिए लाफ्टर थेरेपी को मानने वालों का नारा है, 'दस मिनट ठहाके लगाइए और घंटे भर दर्द से दूर रहिए।'

हम देखते हैं कि इस भागम-भाग भरी जिंदगी में हम अकसर भौतिक संसाधन बटोर कर खुश रहने का प्रयास करते हैं, लेकिन सच तो यह है हम अपना सुकून खो रहे हैं। तो इस लाफ्टर-डे पर अपने आपसे प्रॉमिस कीजिए कि हंसने-हंसाने के नए-नए बहाने खोजेंगे, खुलकर खुद हंसेंगे और दूसरों को भी हंसाएंगे।

---

मिड एज में आते ही कुछ महिलाओं को लगता है, जीवन बहुत जी लिया, अब कुछ नया करने की उम्र नहीं है। उम्र के किसी भी पड़ाव पर आप बहुत कुछ नया कर सकती हैं, बस हमेशा उत्साह-उमंग से भरे रहिए, आपकी हर आकांक्षा पूरी होगी।



# मिड एज में भी जिंदगी लगेगी खूबसूरत

बी पॉजिटिव

शिखर चंद जैन

यही 40-45 की उम्र में आते ही कुछ महिलाएं जिंदगी में एक ठहराव महसूस करने लगती हैं। उन्हें लगता है, बस अब जिंदगी की रफ्तार थम गई है। अब कुछ नया करने को नहीं है। ऐसी महिलाओं में जिंदगी के प्रति कोई उत्साह-उमंग नहीं रहता। इस तरह की नेगेटिव सोच सही नहीं है। हमें यह समझना चाहिए, जिंदगी का हर दिन नया है। चाहे मिड एज हो या ओल्ड, नएपन, निखार, सुधार, तरक्की, उत्साह-उमंग और सफलता की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है। बस जिंदगी के प्रति हमारा नजरिया उत्साहपूर्ण और पॉजिटिव होना चाहिए।



**जीवन जितना है, बहुत हैः** मिड एज में आते ही बहुत-सी महिलाएं सोचती हैं, 'अब जिंदगी बची ही कितनी है, जो कुछ नया शुरू किया जाए।' इस तरह की नेगेटिव सोच आपको उत्साह-उमंग भरी जिंदगी जीने से रोकती है। हमेशा यही सोचना चाहिए कि अभी तो हमारे सामने जीवन जीने के लिए लंबा समय है, बहुत कुछ करना बाकी है। जीवन जितना है, बहुत है। इसलिए उम्र के किसी भी पड़ाव पर नए सपने देखिए और इन्हें पूरा कीजिए, इससे आप हमेशा जीवंत रहेंगी। जिंदगी बहुत प्यारी-सी लगेगी।

**सोशल एक्टिविटीज बोझ नहींः** कई महिलाएं उम्र का हवाला देकर सोशल एक्टिविटीज से बचती हैं। उन्हें लगता है कि यह सब फालतू काम हैं, इनमें समय की बर्बादी होती है। यह सोच गलत है। सोशल एक्टिविटीज न सिर्फ हमारा मन स्वस्थ रखती हैं बल्कि इससे हमारा सामाजिक दायरा, मित्रता और लोगों से घनिष्ठता भी बढ़ती है। मिड लाइफ तो विशेष रूप से सोशल एक्टिविटीज में इंवॉल्व होने का सही समय है। इससे आपका अपना एक सपोर्ट सिस्टम तैयार होता है।

**व्यर्थ की चिंताओं में न उलझेंः** 'मैंने शुरू से ऐसा किया होता तो अच्छा होता', 'मैंने वैसे क्यों नहीं किया?', इस तरह की बातें व्यर्थ की चिंताएं हैं। जो बीत गई, सो बात गई, बीता समय कभी लौटकर नहीं आ सकता। इसलिए व्यर्थ की चिंताओं से मुक्त होकर जिंदगी जिएं। जीवन को सरसता और सहजता से जिएं। चिंताओं के बजाय आगे की जिंदगी के लक्ष्य तय करके, इन्हें पूरा करने में लग जाएं। आपको जिंदगी खूबसूरत लगेगी।

**कुछ सार्थक करेंः** अगर इन दिनों आपके पास कुछ अतिरिक्त समय है, तो इसे किसी सार्थक काम में लगाएं। इसे सोशल नेटवर्क बढ़ाने, नई स्किल सीखने, मोटिवेशनल बुक्स पढ़ने, तन-मन की सेहत संभालने-संवारने में इस्तेमाल करें। आप चाहें तो बागवानी करें, पर्यटन के लिए निकलें। जीवन में नयापन चाहिए तो हर रोज नए-नए लोगों से मिलें।

**कुछ ऐसा करें जो आत्मसंतुष्टि देः** जब हम अपने समाज और देश हित के लिए कुछ करते हैं तो हमें एक आत्मसंतुष्टि महसूस होती है। इसलिए अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के बाद अब आपको देश-समाज के लिए भी कुछ ऐसा करना चाहिए, जिसे करके आपको आत्मसंतुष्टि मिले, गर्व महसूस हो। गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाएं, उनके लिए कॉपी-किताब उपलब्ध कराएं। निरक्षर या वृद्ध लोगों के लिए सरकारी या बैंक संबंधी कार्य का निष्पादन करने में उनकी मदद करें, इससे आपको खुशी मिलेगी।

---

स्पेशलः इंटरनेशनल डांस डे, 29 अप्रैल

डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जो शरीर ही नहीं मन के मोर्चे पर भी बदलाव लाती है। सोशल फ्रंट पर जुड़ाव को इंस्पायर करती है। यही वजह है कि हमारे यहां पर्व और खुशी के हर अवसर पर नृत्य करने की परंपरा रही है। आइए, हम भी इसे अपने जीवन में शामिल कर, इसे उल्लास से भर दें।

# हेल्थ-सोशल बॉन्डिंग से जुड़ा आर्ट ऑफ डांस

लाइफस्टाइल

चैतन्या

नृत्य कला में संस्कृति के रंग ही नहीं, स्वास्थ्य से जुड़े फायदे भी निहित हैं। नृत्य करने से मन उल्लासित और शरीर सक्रिय रहता है। इसे करने से मन-जीवन को खुशहाल रखने वाले हार्मोंस स्त्रावित होते हैं। आलस दूर भागता है। चेहरे की भाव-भंगिमाओं से लेकर शरीर की लचक तक, नृत्य के अनगिनत लाभ हैं। सबसे अहम यह है कि नृत्य की उमंग संग होने वाले सेलिब्रेशंस में महिलाओं की भूमिका सबसे मुखर होती है। इसीलिए स्वास्थ्य सहेजने की बात हो या खुशियां मनाने की, डांस को अपने जीवन में जरूर जगह दीजिए। समय मिले तो अपनी पसंद की किसी नृत्य विधा को सीखिए। देश के जिस हिस्से से भी जुड़ी हैं, वहां के परंपरागत नृत्य की थाती को सहेजने में रुचि लीजिए। यह जुड़ाव आपके अपने जीवन को उल्लासित बनाए रखेगा।



**मन-मस्तिष्क रहते हैं स्वस्थः** नृत्य मनोभावों की अभिव्यक्ति का प्रभावी माध्यम है। यह कला सदा से ही अपने आपको एक्सप्रेस करने का सबसे सुंदर तरीका रही है। यही वजह है कि यह आर्ट, सीधे-सीधे मन-मस्तिष्क की बेहतरी से जुड़ी है। डांस करने से तनाव और अवसाद जैसी कई बीमारियों का खतरा कम होता है। मन तरोताजा रहता है। याददाश्त अच्छी होती है। नियमित डांस करने से दिमाग सजग रहता है। न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन का अध्ययन बताता है कि डांस करने से डिमेंशिया होने की संभावना कम हो जाती है। नए-नए स्टेप्स सीखना और नृत्य करने की आदत से मस्तिष्क सही और समय पर प्रतिक्रिया देने को लेकर सचेत रहता है। स्मार्ट गैजेट्स के इस दौर में जब दिमाग छोटी-छोटी बातें भूलने लगा है, डांस की एक्टिविटी फोकस बढ़ाने में मददगार बन सकती है। असल में शारीरिक संतुलन और सही भावाभिव्यक्ति को साधने से जुड़ी यह गतिविधि दिमाग को फोकस्ड रहना सिखाती है। इतना ही नहीं डांस करने से मूड भी अच्छा रहता है। यह मनःस्थिति उदासी और डिप्रेशन के घेरे से बचाती है। डांस एक ऐसी एक्टिविटी है, जिसे मिल-जुलकर ही नहीं अकेले भी किया जा सकता है। यही कारण है कि नृत्य में रुचि रखने वाले लोगों को अकेलापन भी नहीं घेरता।

**शारीरिक फिटनेस में सहायकः** शारीरिक सक्रियता के लिए नृत्य एक बेहतरीन एक्टिविटी है। इसीलिए कसरत करने के लिए भी डांस आर्ट से जुड़ा जा सकता है। यह कला ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस में मदद करती है बल्कि शरीर को एजिंग से भी दूर रखती है। मोटापे की समस्या से जूझने और वजन घटाने के लिए एक्सरसाइज के रूप में डांस करना एक बेहतरीन विकल्प है। डांस करने से कैलोरीज तो बर्न होती ही हैं, मन भी खुश रहता है। इसके चलते शरीर को खुशी बढ़ाने वाले हार्मोंस मिलते हैं। नींद अच्छी आती है। ऐसे बातें भी अप्रत्यक्ष रूप से वजन कम करने में मददगार बनती हैं। डांस करने से स्टेमिना भी बढ़ता है। हेल्दी और एक्टिव लाइफस्टाइल को बढ़ावा मिलता है। हर ओर से चिंताओं में घिरी जिंदगी के इस दौर में नृत्य कला से जुड़ाव मन को स्थिर रखने में भी मदद करता है। शरीर की थिरकन समग्र जीवन को उमंग की सौगात देती है।

**सामाजिकता-आत्मविश्वास को बलः** नवरात्र में मिलकर गरबा करने की बात हो या लोहड़ी पर भांगड़ा-गिद्दा नृत्य की धूम। शादी-ब्याह की रौनक में थिरकने का उल्लास हो या परंपरागत नृत्य शैली को साधने की यात्रा। नृत्य, सामाजिकता मेल-जोल बढ़ाने और आत्मविश्वास को बल देने वाली कला है। खास धुन और खास अवसर पर मिलकर झूमने-थिरकने से आपसी जुड़ाव बढ़ता है। त्योहार हो या सामाजिक-पारिवारिक आयोजन, डांस करने से हर मौके की रौनक बढ़ जाती है। अध्ययन भी बताते हैं कि खुद को अभिव्यक्त करने की यह कला इंसान को नकारात्मक भावना से दूर रखती है। सामाजिक जुड़ाव और आपसी संवाद मानसिक और शारीरिक सेहत पर असर डालने वाले महत्वपूर्ण फैक्टर्स हैं। इसलिए अपनी जिंदगी में डांस को जरूर शामिल कीजिए।

---

# गर्मियों के लिए परफेक्ट मैटलुक मेकअप


मेकअप

सरिता गुप्ता

गर्मी के दिनों में नॉर्मल मेकअप अच्छा नहीं लगता है। इस मौसम में नेचुरल और मैटलुक मेकअप ही इंप्रेसिव लगता है। मिनिमल मेकअप से आपके फीचर्स शार्प और स्किन नेचुरल, फ्रेश और ग्लोइंग नजर आती है। अगर आपका फेस ऑयली है तो इस सीजन में आप मैटलुक मेकअप करें, क्योंकि इससे आपको प्यारा-सा लुक और स्मूद टेक्सचर मिलता है।

**क्लीनिंगः** सबसे पहले अपने चेहरे को क्लीन करें। इससे मेकअप में फिनिशिंग लुक परफेक्ट आएगा और यह लॉन्ग लास्टिंग भी बना रहेगा। फेस को धोने के लिए आप फेसवॉश से चेहरे को साफ करें और फिर बर्फ के टुकड़े से मसाज करें। चेहरा साफ करने के बाद सनस्क्रीन लगाएं।

**जरूरी है प्राइमरः** कभी-कभी स्किन पर रेडनेस, डलनेस और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याएं आ जाती हैं। इसलिए हमेशा मेकअप से पहले प्राइमर यूज करना सही रहता है। प्राइमर के इस्तेमाल से मेकअप आपकी स्किन के पोर्स के अंदर नहीं जाता और साथ ही मेकअप प्रोडक्ट्स को एक चिकना बेस देने में मदद करता है। प्राइमर, मेकअप को लॉन्ग लास्टिंग भी बनाता है।



**फाउंडेशनः** मैटलुक मेकअप के लिए वाटर बेस्ड फाउंडेशन का ही चयन करें। वाटर बेस्ड फाउंडेशन की एक मोटी परत लगा कर इसे स्पंज की मदद से स्मूद फिनिश दें और इसे धीरे-धीरे ब्लेंड करें।

**कंसीलर-ब्रांजरः** कंसीलर से अपने चेहरे के दाग-धब्बों और डार्क सर्कल को छुपाने के लिए आपको फाउंडेशन से मैच करता हुआ शेड ही लगाना चाहिए। इसके साथ ब्रांजर का यूज आपके मैटलुक को नेचुरल दिखाता है। लेकिन ध्यान रखें कि इसको ज्यादा मात्रा में यूज ना करें। ब्रांजर को माथे के ऊपरी हिस्से, चीक बोंस और चिन पर लगा सकती हैं।

**लूज पावडरः** फाउंडेशन लगाने के बाद मेकअप को सेट करने के लिए कांपैक्ट फेस पावडर की बजाय हमेशा लूज पावडर का इस्तेमाल करें।

**मैट ब्लशः** कोरल-पिंक मैट ब्लश का यूज करके आप अपने गालों को हाईलाइट कर सकती हैं। मैट ब्लश को हमेशा ब्रश की मदद से ही अप्लाई करें।

**आईशैडोः** मैट फिनिश लुक के लिए न्यूड शेड वाले मैट आईशैडो का यूज करें। आप अपने आउटफिट से मैच करता हुआ आईशैडो का कलर भी चुन सकती हैं।

**मैट लिपस्टिकः** मैटलुक के लिए आप लिक्विड लिपस्टिक का यूज करें।

**(मेकअप आर्टिस्ट कोमल चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

---

आप जरूर चाहती होंगी, आपके बच्चे का शारीरिक और मानसिक विकास सही ढंग से हो, उसका व्यक्तित्व प्रभावशाली हो, जीवन हमेशा खुशहाल रहे। इसके लिए आपको बच्चे की परवरिश में कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना होगा।

# परवरिश का होगा यह तरीका बच्चों का होगा खुशहाल जीवन

बच्चे और आप

रजनी अरोड़ा

हर माता-पिता की ख्वाहिश होती है, उनका बच्चा स्वस्थ और खुश रहे। उसके व्यक्तित्व का सही ढंग से विकास हो। इसके लिए वे पूरी तरह प्रयासरत भी रहते हैं। लेकिन खुशी केवल बाहरी कारकों से नहीं आती, यह बच्चे की मनःस्थिति, सकारात्मक सोच, स्वस्थ जीवनशैली और अच्छे सामाजिक संबंधों पर निर्भर करती है। खुशी एक कौशल है, जिसे सही आदतों और दृष्टिकोण से विकसित किया जा सकता है। यह संभव है, बच्चे की अच्छी परवरिश से। विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की परवरिश केवल उनकी भौतिक आवश्यकताओं को पूरा करने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। बच्चों में सही मानसिकता, भावनात्मक स्थिरता और सकारात्मक सोच विकसित करना भी जरूरी है। रोजमर्रा की अच्छी आदतें बच्चों को न सिर्फ खुश रहने, बल्कि जीवनभर के लिए खुशहाल और आशावादी बनने में भी मदद करती हैं। जिनका ध्यान रखना पैरेंट्स के लिए बहुत जरूरी है।



**दें खुशहाल और सुरक्षित माहौलः** बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य आस-पास के वातावरण पर निर्भर करता है। अगर घर का माहौल सकारात्मक, सुरक्षित और प्रेम से भरा होगा, तो बच्चे में आत्मविश्वास बढ़ेगा, वे खुश भी रहेंगे। इसलिए परिवार में आपसी तनाव या नकारात्मक भावों को खत्म कर हमेशा सकारात्मक माहौल बनाए रखें। बच्चों के साथ क्वालिटी टाइम बिताएं। यह एहसास कराएं कि वे आपके लिए अहम हैं। इससे बच्चे खुलकर अपनी बातें आपके सामने रखेंगे। आप भी उनकी समस्याओं का निवारण आसानी से कर सकेंगी।



**किताबें पढ़ने को बढ़ावा देंः** बच्चों को तरह-तरह की पुस्तकें पढ़ने की आदत डालें। सोचने और समझने की क्षमता विकसित होती है। आत्मिक संतुष्टि प्रदान करने के साथ खुशहाल जीवन बिताने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। पसंदीदा किताबें पढ़कर सुनाएं और उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। हल्की-फुल्की कहानियां, कॉमिक बुक्स पढ़ने को दें। नैतिक शिक्षा पर आधारित किताबें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

**स्वस्थ सामाजिक रिश्ते बनाना सिखाएंः** बच्चे को मजबूत और प्रेमपूर्ण संबंध बनाना सिखाएं। सहानुभूति सिखाएं, जिससे वे दूसरों की भावनाओं को समझ सकें। अपनी टीमवर्क, दोस्तों, परिवार और शिक्षकों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखें। दूसरों की मदद करने की आदत बनाएं।

**सकारात्मक सोच को दें बढ़ावाः** बच्चों में सकारात्मक सोच को बढ़ावा दें, ताकि धैर्य रखकर वे बुरे वक्त में निराश न होकर सकारात्मक समाधान ढूंढ़ पाएं। बच्चों को सिखाएं कि हर समस्या का समाधान मुमकिन है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं। 'मैं नहीं कर सकता' को 'मैं कोशिश करूंगा' में बदलने के लिए प्रेरित करें। पैरेंट्स बच्चों के सामने सकारात्मक बातें करें, जैसे- 'तुम कर सकते हो', 'अगली बार और बेहतर होगा।'

**खुद से प्यार करना सिखाएंः** हर बच्चा दूसरे से अलग होता है। व्यक्तिगत विशेषताओं और कार्यक्षमता को समझ कर विशिष्ट बनने के लिए प्रोत्साहित करें। उसकी क्षमताओं की सराहना करें। बच्चों की दूसरों से तुलना करने से बचें।

**करें प्रेरितः** रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने वाले बच्चे ज्यादा खुश और हेल्दी रहते हैं। उन्हे संगीत सुनने या वाद्य यंत्र बजाने के लिए प्रोत्साहित करें।

**(सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली के सीनियर साइकोलॉजिस्ट डॉ. इमरान नूरानी से बातचीत पर आधारित)**

## खबर संक्षेप



### पार्षद ने स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाया

**मंडी अटेली।** स्वच्छ अभियान के तहत मंडी अटेली के वार्ड नंबर तीन में सोमवार को नगर पार्षद प्रेमलता ने वेयरहाउस के समीप सफाई कर्मियों के साथ झाड़ू लगाकर अभियान को आगे बढ़ाया। इस मौके पर नगर पार्षद प्रेमलता के पति वीरेंद्र सिंह ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाने पर वार्ड के लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। अभियान के तहत वार्ड की विभिन्न गलियों में सार्वजनिक रास्तों पर सफाई कर्मचारियों के साथ झाड़ू लगाकर आमजन को तथा वार्ड के लोगों को अपने घरों के आसपास सफाई का संकल्प दिलाया।

### पाक का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया

**मंडी अटेली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में सोमवार को सिहमा के ग्रामीणों में गुस्सा देखने को मिला। बस स्टैंड पर आतंकवाद एवं पाक विरोधी नारेबाजी के बाद बाछौद मोड़ सिहमा पर पाकिस्तान का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान सिहमा सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद यादव ने बताया कि पाकिस्तान इस तरह की हरकतें करके आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। हम शांतिप्रिय हैं, लेकिन अपनी एकता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सख्त कदम उठाए।

### नशा मुक्ति अभियान पर सेमिनार आयोजित

**नारनौल।** शहर में नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल में सोमवार को सडक सुरक्षा, सुरक्षित वाहन पॉलिसी एवं नशा मुक्ति अभियान के बारे में जागरूकता शिविर का आयोजन जिला रेडक्रॉस समिति के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय एमडी डॉ हितेश वर्मा व निधि वर्मा ने की।

ब्लॉक कॉर्डिनेटर डॉ हंसराज गुर्जर ने विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति को कमजोर कर देता है और इंसान अपना मानसिक व शारीरिक संतुलन खो देता है। इसलिए हम सभी को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए।

## कार्यकारी अभियंता को पत्र से अनुरोध किया गया लेकिन समाधान नहीं किया

# पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने मांगों को लेकर एक्शन कार्यालय के बाहर दिया धरना

■ सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान महीने की एक तारीख को किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा गर्वनमेंट मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन (रजिस्टर्ड नंबर:41) शाखा बी एंड आर ने अपनी मांगों के समर्थन में प्रधान कपिल यादव के अध्यक्षता में कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन एवं मार्ग के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन आयोजित किया। धरने का संचालन सचिव अनिल शर्मा ने किया। धरने को देखते हुए विभाग के कार्यकारी अभियंता ने कर्मचारियों के शिष्ट मंडल को अपने कार्यालय में बुलाया तथा उन्हें उनकी मांगें माने जाने का आश्वासन दिया।

अध्यक्षता कर रहे प्रधान कपिल यादव ने कहा कि अनेक बार कार्यकारी अभियंता को पत्र द्वारा अनुरोध किया गया कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान किया जाए, लेकिन कार्यकारी अभियंता अपने अड़ियल रवैये की वजह से यूनियन के पदाधिकारियों से बातचीत भी नहीं करना चाहते थे, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष था और इसके फलस्वरूप उन्हें धरना देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि बहुत सी ऐसी मांगें हैं, जिन पर सरकार का एक भी पैसा खर्च नहीं होता, फिर भी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है।



नारनौल। एक्शन कार्यालय के बाहर धरना देते । फोटो: हरिभूमि

### यह हैं प्रमुख मांगें

प्रधान कपिल यादव ने बताया कि पांच साल से रेनकोट में डांगरी नहीं दी जा रही, जिसे दिया जाए। कर्मचारियों को साबुन दी जाए। सभी कर्मचारियों के वेतन का भुगतान महीने की एक तारीख को किया जाए। हॉट मिक्स प्लांट को जल्द से जल्द रिपेयर किया जाए और वहां लाइट की व्यवस्था की जाए। सभी कर्मचारियों की आईडी कार्ड बनवाकर दी।

जिला सचिव विजेंद्र शर्मा ने बताया कि धरने के दौरान कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। इसके उपरांत कार्यकारी अभियंता ने अपनी हठधर्मिता व कर्मचारी विरोधी रवैया छोड़कर संगठन के पदाधिकारियों को अपने कार्यालय में बुलाया तथा उनसे बातचीत की। जिस पर कर्मचारी नेताओं ने कर्मचारियों की एक-एक समस्या को अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया। अधिकारी ने सभी समस्याओं को सुनने उपरांत उनका जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरने को स्थगित कर दिया गया। सचिव अनिल शर्मा ने चेतावनी देते हुए बताया कि यदि समय रहते मांगों का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में जोरदार आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेवारी कार्यकारी अभियंता होगी। इस मौके पर प्रमुख वक्ताओं में रिटायर्ड कर्मचारी संघ राज्य उपाध्यक्ष जगनलाल निनानिया, रिटायर्ड कर्मचारी संघ जिला प्रधान घनश्याम शर्मा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, जिला सचिव विजेंद्र शर्मा, जिला कैशियर नरेंद्र कुमार, प्रधान सिंचाई विभाग महेंद्रगढ़ से परमवीर सिंह, प्रधान सिंचाई विभाग नारनौल से अनिल कुमार, पब्लिक हेल्थ कनीना से नरेंद्र प्रधान, राज्य प्रचार सचिव सुबेसिंह, चौधरी शेरसिंह, ब्रांच कैशियर विकास कुमार, जिला कैशियर नरेंद्र कुमार, जिला ऑडिटर ओमवीर सिंह, सिंचाई विभाग शाखा महेंद्रगढ़ के सचिव आदित्य कौशिक, पब्लिक हेल्थ कनीना से से सचिव संजय कुमार सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।




### पहलगाम में मारे गए निर्दोष हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया

**नारनौल।** दैनिक रेल यात्री संघ की ओर से सोमवार को रेलवे स्टेशन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष हिंदुओं की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। संघ के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की घटना मानवता को शर्मसार करती है। भारत सरकार से आग्रह है कि आगे भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं न घटे इसके लिए कड़े कदम उठाए जाए। भारत के अंदर रहने वाले देशद्रोहियों को चिन्हित कर उन्हें कड़ा से कड़ा दंड देने का प्रावधान लागू हो, ताकि कोई भी भारत विरोधी ताकतों का साथ देने से पहले 100 बार सोचें। श्रद्धांजलि देने वालों में अशोक कटारिया, विनोद सैनी, मनीष, प्रवीण, पवन कुमार, जितेंद्र कोहली, दौलतराम सैनी आदि दैनिक रेल यात्री संघ सदस्यों मौजूद थे।



नारनौल। विश्वकर्मा मंदिर कमेटी की कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पर्यटकों की याद में विश्वकर्मा मंदिर में रखा मौन

**नारनौल।** पुल बाजार स्थित विश्वकर्मा मंदिर कमेटी द्वारा भगवान विश्वकर्मा मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रधान देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने की। बैठक में आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की जो नृशंस तरीके से हत्या की गई, उसकी सभी उपस्थित जांगिड़ बंधुओं ने कड़े शब्दों में भर्त्सना की तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करते हुए मारे गए निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति में दो मिनट का मौन रखा गया। इसके पश्चात प्रधान देवेंद्र कुमार जांगिड़ के नेतृत्व में बैठक की कार्यवाही शुरू हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सर्वप्रथम रोहताश नंबरदार, चंद्रशेखर एवं प्रकाश चंद को विश्वकर्मा कमेटी नारनौल का संरक्षक बनाया गया। इस प्रकार कार्यकारिणी में देवेंद्र कुमार जांगिड़ प्रधान, सत्यनारायण जांगिड़ कार्यकारी प्रधान एवं महासचिव, राधेश्याम जांगिड़ मंडलाना वरिष्ठ प्रधान एवं फूलचंद जांगिड़ काठमंडी नारनौल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अतिरिक्त महेंद्र जांगिड़ एडवोकेट को कानूनी सलाहकार बनाया गया।

## यदुवंशी में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जागरूकता की दी सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक प्रभावशाली व्याख्यान एवं जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं शिक्षा विभाग के द्वारा सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात और कानून-नियमों को लेकर जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी उपमंडल को-आर्डिनेटर एवं ब्रिगेड आफिसर राजेश शर्मा झाड़ली विशेष रूप से उपस्थित रहे।

सदर थाना से अमित कुमार एएसआई ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभाव, यातायात और कानून नियमों को लेकर जागरूक किया व बताया कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन आवश्यक है। पुलिस भी नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर रही है। प्राचार्य पवन कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष लाखों लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या युवाओं की होती है। नशा और दुर्घटना एक-दूसरे के पूरक बन चुके हैं। नशे में वाहन चलाना केवल अपने लिए ही नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन के लिए भी खतरा है।



महेंद्रगढ़। नशा ने करने की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## विज्ञान ओलिंपियाड के 150 पदक विजेता छात्र सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विज्ञान विषय के (ओलिंपियाड 2024झ25) विजेता छात्र-छात्राओं के सम्मान में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। विद्यार्थियों के पदक की बात की जाए तो 100 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक, 25 विद्यार्थियों ने रजत पदक और 25 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक अपना नाम किया।

इन विद्यार्थियों में 15 विद्यार्थी ऐसे भी रहे हैं, जिन्होंने राज्य स्तर की परीक्षा को पार करते हुए राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए अपना चयन निर्धारित किया हैं। साथ ही 500 का पुरस्कार भी प्राप्त किया है। विंग प्रभारी ईश्वर सिंह, हुकुम चंद गर्ग, संजीव कुमार, रेखा राघव, मोनिका शर्मा और विज्ञान अध्यापक सुधीर शर्मा, प्रशांत कुमार, दिनेश कुमार, पायल यादव, दीपक शर्मा, नेहा बंसल और दीपक चनेजा ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बताया कि विज्ञान से संबंधित ओलंपियाड एग्जाम विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जागरूकता और भविष्य में वैज्ञानिक बनने की बौद्धिक क्षमता को जांचने के उद्देश्य से आयोजित होते हैं, जिसमे हमारे विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से विद्यालय की कीर्ति को चारों दिशाओं में फैलाया है।

प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने कहा कि ओलंपियाड परीक्षाएं देने से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के स्तर का पता चलता है। ओलंपियाड जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों की तार्किक सोच को उजागर करती हैं। इन परीक्षाओं में विद्यार्थियों को मिलने वाले पुरस्कारों और सर्टिफिकेट्स की खास मान्यताएं होती हैं। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने बताया कि ओलंपियाड परीक्षाओं में पूछे जाने वाले प्रश्नों को हल करने के लिए कंसेप्ट्स की अच्छी समझ होना बहुत ही जरूरी है और इन परीक्षाओं की तैयारी करने से विद्यार्थियों में शैक्षिक स्तर काफी बढ़ता है।

संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य विश्वविद्यालय स्तर से पहले छात्रों के बीच विज्ञान विषय में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## पुल पार्टी का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सकेंडरी स्कूल की प्राइमरी विंग में पुल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें छोटे बच्चों ने जल क्रीड़ा किया तथा गमलों की सजावट करके मोटर कौशलता का प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वंदना यादव ने की, जिसमें 480 बच्चों ने पंजीकरण कराया है।

उन्होंने कहा कि तापमान 42 डिग्री के पार जाते ही गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। भीषण गर्मी में छोटे बच्चों व बुजुर्गों को हीट स्ट्रोक का खतरा सर्वाधिक होता है। साथ ही मानसिक थकावट की समस्या बढ़ने से बच्चे एकाग्र होकर पढ़ाई नहीं कर पाते। उल्टी आने व जी मिचलाने की संभावना बनी रहती है, बचाव के लिए स्कूल प्रबंधन कमेटी ने प्राथमिक विंग में पुल पार्टी के आयोजन का निर्णय लिया है। प्रांगण में ठंडे पानी के बड़े-बड़े टबों का प्रबंध किया है, जिनमे छोटे बच्चे तैरने के साथ मौज-मस्ती करते हैं। उन्होंने तर्क दिया कि पुल पार्टी से बच्चों को गर्म मौसम में मानसिक ऊर्जा मिलने के माइंड सेटअप दुरुस्त होता है। अप्रेल का महीना वास्तव में बहुत गर्म होता है और छात्र थक जाते हैं। पानी के साथ खेलने वाली गतिविधियों से बच्चों को मोटर कौशलता में निखार लाने में मदद मिलेगी। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ने से विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा सुनिश्चित हो पाएगी। प्राचार्या ने कहा कि पुल पार्टी को प्राकृतिक लुक देने के लिए घास, झाड़ियों तथा फुलदार गमलों का प्रबंध किया है।



नांगल चौधरी। पुल पार्टी में जल क्रीड़ा करते हुए सरस्वती स्कूल के बच्चे।



### सूरज स्कूल में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महेंद्रगढ़।** सूरज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में डीसी डॉ. विवेक भारती, उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार यादव व जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार चौहान के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति पर एक प्रभावशाली व्याख्यान एवं जन चेतना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रेडक्रॉस सोसायटी नारनौल के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों व आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन और नशा मुक्ति के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपनिदेशिका गायत्री यादव ने की, जबकि मुख्यवक्ता के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी उपमंडल कोआर्डिनेटर एवं ब्रिगेड आफिसर राजेश शर्मा झाड़ली विशेष रूप से उपस्थित रहे। सदर थाना महेंद्रगढ़ से अमित कुमार ने बताया कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन आवश्यक है। उपनिदेशिका गायत्री यादव ने कहा कि सड़क सुरक्षा का महत्व आज के समय में अत्यधिक बढ़ गया है।

## सनराइज सीनियर सकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली नशा मुक्ति रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

सनराइज सीनियर सकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने प्राचार्य महेंद्र शर्मा की अगुवाई में नशा मुक्ति रैली निकाली। घर-घर जाकर लोगों को नशाखोरी से उत्पन्न होनी वाली बीमारियों से अवगत कराया तथा सामाजिक विकास के लिए नशे को मिटाने की शपथ दिलाई। इस दौरान विद्यार्थियों की नशे पर आधारित भाषण प्रतियोगिता कराई गई है। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृति दीमक जैसी होती है जो युवाओं के स्वास्थ्य को खत्म करने के साथ सामाजिक शांति को भी भंग करता है। अधिकतर लोग शौकीन तौर पर एक दूसरे की देखादेखी करके नशा करना आरंभ करते हैं, लेकिन थोड़े दिन बाद उन्हें लत होने लगती है। रोकथाम के लिए युवाओं को जागरूक होना पड़ेगा तथा वार्ड वाइज सेमीनार लगाकर नशे से उत्पन्न होने वाली कैंसर, टीबी, हार्ट व अन्य बीमारियों से अवगत कराएं। उन्होंने तर्क दिया कि गांवों में शराब, डोडा, पोस्त की होम डिलीवरी होने लगी है। जिसमें संलिप्त लोग सबसे पहले युवा पीढ़ी को ही टारगेट बनाकर नशे की सामग्री बेचते है।




नांगल चौधरी। शहर में नशा मुक्ति रैली निकालते हुए सनराइज सीनियर सकेंडरी स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## सीवर में दम घुटने से दो कर्मियों की हो गई थी मौत

# दोनों कर्मियों का 30-30 लाख का केस बनाकर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जनस्वास्थ्य विभाग से जुड़ी ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन रजिस्टर्ड नंबर 681 ने नसीबपुर स्थत अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर में दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि हाल ही में नांगल चौधरी में सीवर सफाई करते समय दो कर्मचारी की मौत हो गई थी।

उनके परिवार को न्याय दिलवाने के एवज में यूनियन ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया, जिसमें अधीक्षण अभियंता ने यूनियन शिष्ट मंडल को विचार विमर्श के लिए बुलवाया और दोनों कर्मचारियों की मौत पर दुख जताते हुए मृतक के परिवार को उचित मुआवजा व नौकरी दिलाने के लिए 10 दिन का समय मांगा तथा दोनों कर्मचारियों 30-30 लाख रुपये के मुआवजे का केस बनवाकर मौके पर ही हेड ऑफिस भिजवा दिया गया।

ऐसा ही हादसा वर्ष 2021 में पहले भी सीवर की सफाई करते समय दीपक कुमार नामक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी, लेकिन यूनियन को बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि उसके परिवार को आज तक मुआवजे की कोई राशि नहीं मिली है। इसलिए यूनियन ने अधीक्षण अभियंता से अनुरोध किया कि मृतक के परिवार को 30-30 लाख रुपये का मुआवजा जल्द से जल्द दिलवाया जाए। अन्यथा 10 दिन बाद संगठन को मजबूर होकर फिर से अधीक्षण अभियंता कार्यालय को पर विरोध प्रदर्शन में धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। इस विरोध धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता राज्य प्रधान सुभाष यादव ने की।

मंच संचालन ब्रांच प्रधान दीपक कुमार ने किया। जिला प्रधान रविंद्र यादव, जिला सचिव संदीप कुमार, महेंद्रगढ़ प्रधान सुरेंद्र यादव, पवन कुमार, मनोज शर्मा व राकेश शर्मा ने धरने को संबोधित किया। धरने में बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया तथा दुखद मौतों पर आक्रोश प्रकट किया।



नारनौल। पब्लिक हेल्थ विभाग के एसई से मीटिंग करता सीवर कर्मचारियों का शिष्ट मंडल। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। सफलता प्राप्त करने वाली छात्राएं। फोटो: हरिभूमि

### यदुवंशी कॉलेज के तीन छात्रों ने विवि की टॉप-10 सूची में बनाई जगह

**महेंद्रगढ़।** एमए राजनीति विज्ञान के तीन छात्रों ने विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में जगह बनाकर यदुवंशी कॉलेज को किया गौरवान्वित। हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी द्वारा एमए राजनीति विज्ञान की टॉप-10 सूची जारी की गई, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के एमए राजनीति विज्ञान के प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम में कॉलेज के तीन विद्यार्थियों ने टॉप-10 सूची में स्थान हासिल किया, जिसमें किरण पुत्री सुमेर सिंह ने 84.1 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया तो वहीं कविता पुत्री अशोक कुमार ने 81.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके छठा, ज्योति पुत्री विनोद कुमार ने 80.3 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय की टॉप-10 सूची में सातवां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया। संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने राजनीति विज्ञान के तीनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा यदुवंशी कॉलेज की स्थापना का उद्देश्य ही ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करना कर दिखाया है।

### हकेंवि में पांच दिवसीय ज्ञान पाठ्यक्रम संपन्न

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा दक्षिण एशिया से अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संदर्भ और नीतियां विषय पर आयोजित पांच दिवसीय ज्ञान (ग्लोबल इनिशिएटिव आफ एकेडमिक नेटवर्क्स) पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह पाठ्यक्रम मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान पीठ के अंतर्गत विश्वविद्यालय में आयोजित पहला ज्ञान कार्यक्रम था।

समापन सत्र में विश्वविद्यालय की प्रथम महिला एवं भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की प्रोफेसर सुनीता श्रीवास्तव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।

## बुजुर्ग बाला देवी ने कुर्सी पर बैठकर दिया जिंदा होने का प्रमाण,तो एडीसी हुए हैरान

# पीपीपी में छेड़छाड़ करने वाले सीएससी सेंटर संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में समस्याएं सुनते हुए डॉ. मनीष नागपाल उस समय हैरान हो गए जब परिवार पहचान पत्र में मृत दिखाई गई गांव धनाना की बुजुर्ग महिला बाला देवी ने अपने जिंदा होने का प्रमाण सामने कुर्सी पर बैठकर दिया।

बुजुर्ग महिला ने एडीसी को बताया कि वे दो बार तहसीलदार से अपने जिंदा होने के बारे में हलफनामा भी दे चुकी हैं। इसके बावजूद भी परिवार पहचान पत्र को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है। इस वजह से उनको पेंशन लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इस पर एडीसी ने समाधान शिविर में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द परिवार पहचान पत्र दुरुस्त करने के निर्देश दिए। एडीसी डॉ. नागपाल ने निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की अधिकांश सेवाएं ऑनलाइन हो चुकी हैं। इसके साथ-साथ सरकार द्वारा योजनाओं की लाभ राशि पात्र लोगों के खाते में सीधे रूप से भेजी जाती हैं। सभी योजनाएं परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से जुड़ी हुई हैं। ऐसे में परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड सही होना जरूरी हैं। लेकिन अनेक ऐसी शिकायतें आती हैं जिनमें परिवार पहचान पत्र में संबंधित व्यक्ति की जानकारी या इच्छा के बिना ही आय अधिक, अन्य व्यक्ति का नाम जोड़ना या काटना, व्यवसाय बदलना आदि शामिल होते हैं। इससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने सीएससी सेंटरों के जिला प्रबंधक और क्रीड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों के परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का समाधान प्रमुखता से करें।एडीसी ने सभी शिकायतों को गौर से सुना और शीघ्र समाधान बारे संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार, यातायात प्रबंधक भरत सिंह परमार, नगर परिषद ईओ राजाराम, गैर सरकारी सदस्य नंदराम धानिया, राम किशन हालुवासिया के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



भिवानी। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त।

### निर्धारित रेट लिस्ट लगवाएं

एडीसी डॉ. मुनीष नागपाल ने सीएससी सेंटरों के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए कि वे जिला के सभी सीएससी सेंटरों पर होने वाले विभिन्न कार्यों की सरकार द्वारा निर्धारित रेट लिस्ट लगवाना सुनिश्चित करें। प्रत्येक सीएससी सेंटर का निरीक्षण किया जाए और इसके लिए बाकायदा रोस्टर बनाया जाए। निरीक्षण के माध्यम से परिवार पहचान पत्र में सबसे अधिक शिकायतों से संबंधित सीएससी सेंटरों की सूची तैयार की जाए। पीपीपी में छेड़छाड़ करने वाले सीएससी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर उनका सीएससी सेंटर रद्द किया जाएगा। गांव ढ़ाणा लाडनपुर निवासी राजेन्द्र की पेंशन संबंधी शिकायत सुनते हुए एडीसी डॉ. नागपाल ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के निर्देश दिए कि जो बैंक दूसरे बैंक में समाहित हो चुका है और इस वजह से किसी लाभ पात्र की पेंशन रुकी हुई है तो ऐसे सभी पेंशन धारकों का रिकार्ड नए बैंक के पास भेजा जाए।

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश

रोहतक गेट क्षेत्र से बजरंग बली कॉलोनी निवासी पूर्व पार्षद ईश्वर सिंह मान द्वारा अतिक्रमण से संबंधित शिकायत सुनते हुए एडीसी ने शहर स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि न केवल बजरंग बली कॉलोनी बल्कि पूरे शहर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाए ताकि अतिक्रमण की वजह से आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसी प्रकार से पार्षद गोबिंद राम बिल्लू बादशाह ने उनके क्षेत्र के अलावा शहर में अनेक जगहों पर पेयजल सप्लाई की वॉल खराब होने की शिकायत रखी, जिस पर एडीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दो दिन के अंदर खराब वॉल को बदलने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ एडीसी ने निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल मुहैया करवाना सुनिश्चित करें।

### कई लोगों ने पीपीपी से संबंधित समस्याएं रखी

समाधान शिविर के दौरान एडीसी के समक्ष बलवान, राजकुमार, शिवकुमार, कृष्ण, रामसिंह, शांति देवी और सोनिका ने पीपीपी से संबंधित समस्या रखी। राजेन्द्र सिंह ने बुढ़ापा पेंशन दोबारा से चालू करवाने, पुराना हाउसिंग बोर्ड निवासी सुरेन्द्र, सतपाल पंच पालुवास, पूजा ने सीवर व पेयजल की समस्या रखी। इसी प्रकार से एडीसी के समक्ष सोमबीर ने जमीनी विवाद पर पुलिस कार्रवाई बारे, राहुल ने गाड़ी गुम होने पर पुलिस कार्रवाई करने, चिरंजीलाल ने बिजली बिल ठीक करवाने, भतेरी ने सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ दिलवाने बारे, जगत सिंह ने अपनी जमीन से बिजली का पोल हटवाने बारे, रामकुमार ने गली से पाइप हटवाने बारे शिकायत रखी।

## खबर संक्षेप

### समेन्द्र सिंह स्टाम्प वेंडर एसो. के प्रदेशाध्यक्ष बने

**भिवानी।** ऑल हरियाणा स्टाम्प वेंडर एसोसिएशन की तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें जींद से सुभाषचंद्र शर्मा नरवाना को संरक्षक, भिवानी से समेन्द्र सिंह को प्रदेशाध्यक्ष, दादरी से मातादीन प्रदेशाध्यक्ष लीगल सेल, कुरूक्षेत्र से प्रमोद कुमारी को महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष, पानीपत से ममता ठकराल को महिला विंग उपाध्यक्ष, यमुनानगर से सतीश चुघ बिलासपुर को उपप्रधान, हिसार से मंजीत लौरा बालसमंद को उपप्रधान, जींद से अर्जुन देव गोयल नरवाना को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी।

### आदर्श महिला कॉलेज में सीनियर्स को दी विदाई

**भिवानी।** आदर्श महिला कॉलेज में सभी संकायों की द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने तृतीय वर्ष की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। विदाई समारोह में प्राचार्या डॉ. मित्तल ने छात्राओं को शुभकामनाएं दी व निकट भविष्य में होने वाली परीक्षाओं के लिए आगाह भी किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक हैं।

### उप पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार को सम्मानित किया

**भिवानी।** पुलिस विभाग द्वारा अपने कर्तव्य के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिसकर्मियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अग्रवाल समाज ने एक विशेष मुहिम चलाई है, जिसके तहत अपनी ड्यूटी के प्रति कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को अग्रवाल समाज से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं ने उप पुलिस अधीक्षक अनुप कुमार को फूल-माला पहनाकर व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

### इनेलो का स्थापना दिवस आज मनाया जाएगा

**भिवानी।** हर वर्ष 29 अप्रैल को प्रदेश भर में बड़ी धूमधाम से इनलो का स्थापना दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में 29 अप्रैल को भिवानी जिला में भी इनेलो का स्थापना दिवस जोरशोर से मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए इनेलो के जिला अध्यक्ष अशोक ढ़ाणीमाहु ने बताया कि इनेलो सुप्रीमो चौ. अभय सिंह चौटाला के निर्देशानुसार प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर इनलो का झंडा लगाएं।

## हाईटेंशन लाइन के विरोध में उतरे गांव बलियाली के किसान, सौंपा मांगपत्र

# किसानों को सूचित किए बगैर सोलर कंपनी बिछाई रही है हाइटेंशन तार

खेतों में हाईटेंशन तार बिछाने के कारण किसानों की जान को जोखिम बना रहता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सौलर कंपनी द्वारा किसानों की अनुमति बगैर उनके खेतों में लगाई जा रही है हाईटेंशन तारों के विरोध में सोमवार को गांव बलियाली के किसानों ने भिवानी के अतिरिक्त उपायुक्त को मांगपत्र सौंपा तथा खेतों में खेतों में लगाई जा रहे हाईटेंशन लाईन के कार्य को रूकवाने की मांग की। अतिरिक्त उपायुक्त को शिकायत देने पहुंचे अखिल भारतीय किसान सभा बवानीखेड़ा तहसील प्रधान रामोतार बलियाली, अखिल भारतीय किसान सभा बवानीखेड़ा के कोषाध्यक्ष राजेश कुंगड़, किसान रविंद्र चावला, चरणदास भाटिया, विजय असीजा, रिंकू असीजा, अनुप शर्मा, रामफल शर्मा, फूल सिंह देशवाल, उमेद सिंह सिंघल, रमेश जाखड़ ने बताया कि एक वर्ष पूर्व गौतम सौलर कंपनी बवानीखेड़ा से तोशाम रोड़ के साथ बलियाली में स्थापित हुई थी। वह कंपनी गैर कानूनी रूप से बगैर किसानों को सूचित किए सांगवान गांव के 220 के वी पॉवर तक हाईटेंशन लाइन के खंबे लगा रही है। जिस लाइन की क्षमता 33केवी है। इससे पहले भी यह कंपनी गांव बलियाली के पॉवर हाऊस से बिजली की लाइन सरकारी रोड़ के पास ले गई थी तथा अब किसानों के खेतों में यह लाईन लेकर जाना चाहती है।



**भिवानी।** बिना सहमति के खेतों में पोल लगाने के विरोध में उपायुक्त को मांगपत्र सौंपने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### लाइन का कार्य रुकवाया जाए

उन्होंने कहा कि यदि किसानों के खेतों तक हाईटेंशन तार पहुची तो किसानों को जान का जोखिम बने रहने के अलावा, उनकी जमीन की कीमत गिरना तथा किसानों को लोन ना मिलने सहित अन्य समस्याएं सामने आएगी। जिसके चलते किसानों की परेशानियां गुणात्मक रूप से बढ़ेगी। इसके अलावा हाईटेंशन लाइन बिछने के कारण उन्हे अपनी फसल में हमेशा आगजनी का डर सताता रहेगा। जिसके चलते किसानों में रोष है। ऐसे में किसानों की मांग है कि इस हाईटेंशन लाइन को खेतों की बजाए किसी अन्य रोड पर ले जाया जाए, जिससे किसान बर्बाद होने से बच सकें। उन्होंने एडीसी से मांग की कि इस लाइन के कार्य को रूकवाया जाए तथा जो खंबे किसान की जमीन पर लगाए गए है, उनको तुरंत प्रभाव से हटाया जाए।



भिवानी। विधायक घनश्याम सर्राफ को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद करने के फैसले को वापिस लेने की उठाई मांग

**भिवानी।** सरकार द्वारा दिए गए गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद किए जाने के फैसले को वापिस लिए जाने की मांग को लेकर ऑल हरियाणा प्राईवेट स्कूल संगठन के सदस्यों ने वरिष्ठ उपप्रधान घनश्याम शर्मा के नेतृत्व में विधायक घनश्याम सर्राफ के माध्यम से प्रदेश सरकार के नाम मांगपत्र सौंपा तथा जल्द से जल्द इस फैसले को वापिस लेने की मांग की। उन्होंने बताया कि माध्यम के माध्यम से उन्होंने गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को बंद करने की बजाए उन्हे समुचित समय प्रदान किए जाने ताकि वे सभी आवश्यक शर्ते पूरी कर सकें। छोटे विद्यालयों के लिए अलग-अलग मानकों पर विचार किए जाने जिससे उनके संचालन में सहुलियत रहे। शिक्षा का व्यवसायीकरण रोकने हेतु बड़े निजी विद्यालय संगठन द्वारा बनाए जा रहे दबाव व अव्यवस्थित गतिविधियों का संज्ञान लिए जाने, शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसरों और समावेशी विकास के लिए नीतियां बनाए जाने ताकि मध्यम व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए सकारात्मक कदम बढ़ाए जा सकें , आदि मांगें उठाई। इस मौके पर घनश्याम शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा गैर मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों को बंद करने के फैसला सरासर गलत है, इससे ना केवल प्रदेश में बेरोजगारी बढ़ेगी, बल्कि प्रदेश में साक्षरता दर भी घटेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में कई निजी संस्थान ऐसे है, जो कि सीमित संस्थानों में भी उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहे है। लेकिन इसके बावजूद सरकार ने इन स्कूलों को बंद करने का फरमान सुना दिया, जो कि प्रदेश के हित में नहीं है।

### नवयुग स्कूल के बच्चों ने पक्षियों के लिए किया पानी का प्रबंध

**चरखी दादरी।** नवयुग विद्यालय निदेशक अजय जाखड़ की अगुवाई में स्कूल परिसर व पक्षियों के लिए दाना पानी उपलब्ध किया। विद्यालय परिसर में पानी से भरे बर्तनों को रखवाया गया। इसके साथ ही बच्चों को प्रेरित किया गया कि वो अपने घरों के आसपास भी ऐसी जगहों पर सुबह व शाम दोनो समय पक्षियों के लिए अनाज व पानी अवश्य रखे जहां कि इन बेजुबानों का आना जाना होता है। निदेशक अजय जाखड़ ने कहा कि जिस प्रकार से हमारे घर, परिवार व समाज में नन्हे मुन्ने बच्चों की किलकारियां हमारे मन को आंनदित कर देती है ठीक उसी प्रकार से प्रकृति में छोटे छोटे पक्षियों की ध्वनि का संगीत इसके सौंदर्य की छठा को चार चांद लगा देता है। जिस प्रकार बच्चों के बिना परिवार व समाज अधूरा है उसी प्रकार पक्षियों के मीठी चहचहाट के बिना प्रकृति व पर्यावरण भी नीरस है।

### मुख्य तकनीकी अधिकारी रामचंद्र चहल सेवानिवृत्त हुए

**भिवानी।** सामान्य अस्पताल के ब्लड बैंक में 38 वर्षों तक उत्कृष्ट सेवा देने के बाद मुख्य तकनीकी अधिकारी रामचंद्र चहल सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था के सदस्यों ने उनके निवास पर पहुंचकर उन्हें महात्मा ज्योतिबा फुले व सावित्रीबाई फुले का चित्र स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट कर सम्मानित किया। संस्था संस्थापक सुरेश सैनी, पार्षद विनोद प्रजापति व पर्यावरण रक्षक मुकेश सैनी ने रामचंद्र के समाजसेवा में दिए योगदान की सराहना की। रामचंद्र चहल ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद वे सामाजिक कार्यों में अधिक सक्रियता से लोगों को जोड़ने के लिए प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर रक्तदान कैंप आयोजित करेंगे और बच्चों को शिक्षित करने के कार्यों में भी सक्रिय योगदान देंगे।

### बवानीखेड़ा मंडल की जिला कार्यकारिणी घोषित

**भिवानी।** भाजपा के जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने प्रदेशाध्यक्ष मनोहर लाल बडोली, संगठन महामंत्री फर्नीदर नाथ शर्मा आदि से विचार-विमर्श कर भाजपा बवानीखेड़ा मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है। जिसमें प्रदीप राणा को मंडल अध्यक्ष, जगदीश गौतम, जयबीर तंवर, स्नेहलता, कुलजीत लोढ़ा को मंडल उपाध्यक्ष, बिजेंद्र चौहान, करण शर्मा को मंडल महामंत्री, संजय, कृष्ण वाल्मीकि, सुमन बलियाली को मंडल सचिव, कुमार अग्रवाल को मंडल कोषाध्यक्ष, संजय को आईटी प्रमुख की जिम्मेवारी सौंपी है।

### सेवानिवृत होने जा रहे रणधीर सिंह, सहायक सचिव और राज कुमार, अधीक्षक को किया सम्मानित



**भिवानी।** ऑफिसर एसोसिएशन हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी ने 30 अप्रैल को सेवानिवृत होने जा रहे हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सहायक सचिव रणधीर सिंह एवं राज कुमार, अधीक्षक को एक कार्यक्रम में सम्मानित किया। ऑफिसर एसोसिएशन, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा दोनों अधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आशय की जानकारी देते हुए ऑफिसर एसोसिएशन के प्रधान सत्यनारायण शर्मा एवं महासचिव विजेन्द्र सिंह पांचाल ने बताया कि रणधीर सिंह, सहायक सचिव लगभग 36 वर्ष एवं राज कुमार, अधीक्षक लगभग 34 वर्ष की सफल सेवा के बाद हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से 30 अप्रैल को सेवानिवृत होने जा रहे हैं। उन्होंने रणधीर सिंह, सहायक सचिव एवं राज कुमार, अधीक्षक के कार्य व उनके व्यवहार की भूरी-भूरी प्रशंसा की। महासचिव विजेन्द्र सिंह पांचाल ने सेवानिवृत होने जा रहे दोनों अधिकारियों की कार्यशैली सराहना की और कहा कि संस्था के प्रति उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

### कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**भिवानी।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए हरियाणा जागृति मोर्चा, अम्बेडकर शिक्षा समिति, शिरोमणि गुरु रविदास सेवा समिति व विभिन्न सामाजिक संगठन के सदस्यों ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च गुरु रविदास मंदिर से शुरू किया गया और बाजार के अनेक रास्तों से निकालते हुए शहीद गुलाब सिंह पार्क में पहुंचे और शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इससे पूर्व रविदास मंदिर में एकत्रित लोगों को संबोधित करते मोर्चा के अध्यक्ष राजेश सिंधू ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला कायराना करतूत है।

### दिव्यांग विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

**भिवानी।** आस्था स्पेशल स्कूल में भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर अतिथियों, शिक्षकों व दिव्यांग विद्यार्थियों ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर स्कूल परिसर में औषधीय युक्त पौधा शतावर सहित अनेक पौधें लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्कूल की प्राचार्य एवं संचालिका एडवोकेट सुमन शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे ज्यादा से ज्यादा पौधें लगाकर धरती को हराभरा करने का काम करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं सुधार हो सके। उल्लेखनीय हैं कि आस्था स्पेशल स्कूल में भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया। शिक्षकों व दिव्यांग बच्चों ने भगवान परशुराम को नमन किया। प्राचार्या सुमन शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम भगवान विष्णुजी के छठे अवतार माने जाते हैं, उनके पिता का नाम महर्षि जमदग्नि तथा माता का नाम रेणुका था। एक दिन उनकी माता रेणुका स्नान करके आश्रम लौट रही थी तो उन्होंने राजा चित्ररथ को जल विहार करते देखा और उनका मन विचलित हो गया। उनके पति महर्षि जमदग्नि ये बात जान गए कि उनकी पत्नी का मन विचलित हैं, तो उन्होंने अपने बेटे परशुराम के बड़े भाई रुक्मवान, सुषेणु, वसु और विश्वावसु से बारी-बारी अपनी मां का वध करने को कहा, लेकिन सभी ने मना कर दिया। इसके बाद महर्षि जमदग्नि ने भगवान परशुराम को अपनी मां का सिर काटने का आदेश दिया तो उन्होंने अपनी मां का सिर काट दिया।

## कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगो को श्रद्धांजलि देने के लिए बदलाव वेलफेयर सोसायटी ने चौधरी बंसीलाल पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस मौके पर सोसाइटी सदस्यों व अन्य लोगों ने कैंडल मार्च निकाला, जिसमें युवावर्ग भी खासी उपस्थिति रही। उपस्थित सभी लोगों ने आतंकी हमले की कायराना करतूत की जमकर निंदा की और सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की।

इस मौके पर सोसायटी के प्रधान श्यामपाल ने कहा कि ये मात्र एक आतंकी हमला नहीं, बल्कि मानवता की हत्या है तथा मानवता के हत्यारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म के लोगों को उनका धर्म पूछकर मारना स्पष्ट तौर पर हिंदू विरोधी हरकत है, जिसे बर्दास्त नहीं किया जाना चाहिए। पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकी हमला निदंनीय है, बल्कि नरसंहार है।



**भिवानी।** कैंडल जलाकर पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को श्रद्धांजलि देते।

### आतंकी हमले को लेकर ऑटो एवं ई रिक्शा चालकों ने जताया रोष

**भिवानी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ न्यू ऑटो रिक्शा एसोसिएशन के जिला प्रधान राजेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में ऑटो व ई रिक्शा चालकों ने आतंकवाद के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान आतंकी हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला प्रधान राजेन्द्र सोनी व एसोसिएशन के अन्य सदस्यों ने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की कि आतंकी हमले पर कड़ा संज्ञान लें तथा आतंकवाद के खिलाफ जो भी कदम उठाएंगे देश की जनता एकजुट होकर उनके साथ है।

## पक्षियों से हमारी प्रकृति की शोभा, रक्षा के लिए आगे आएंः वशिष्ठ

# विद्यार्थियों ने पक्षियों के आसरे के लिए लगा घोंसले

- कीटनाशकों के प्रयोग व अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से अनेक पक्षियों की जातियां विलुप्त होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

आदमपुर डाढ़ी स्थित आर्यावर्त वमा विद्यालय के प्रांगण में 28 अप्रैल सोमवार को पक्षियों के लिए घोसला व पानी के सकोरे रखकर पक्षियों के जीवन को बचाने की एक छोटी पहल की। पक्षियों से ही हमारी प्रकृति की शोभा है, उनकी चहचहाट हमारे जीवन में एक अलग ताजगी प्रदान करती है, हमें जहां कहीं भी पक्षियों के झुंड दिखाई दे और वहां दाना पानी की व्यवस्था न हो तो इस गर्मी के मौसम में उनके जीवन को बचाने के लिए हमें दाना व पानी की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। इस छोटी-सी पहल में आर्यावर्त के विद्यार्थियों ने संपूर्ण स्कूल प्रांगण में अनेक स्थानों पर पानी के सकोरे रखे व उन्हें प्रतिदिन पानी से भरने का संकल्प लिया। प्राचार्य विक्रांत वशिष्ठ ने बताया कि पक्षियों को बचाएंगे तो ही हम पर्यावरण को बचा पाएंगे। कीटनाशकों के प्रयोग व अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से अनेक पक्षियों की जातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। गर्मियों का मौसम विशेष कर पक्षियों के लिए बहुत ही कष्ट दायक होता है क्योंकि निरंतर हम देख रहे हैं कि पेड़ पौधों की संख्या कम होती जा रही है, जिससे पक्षियों को छाया या उनके लिए आश्रय आसानी से नहीं मिलता है, जिससे वे धूप और प्यास से मर जाते हैं। अतः जितनी अधिक हरियाली होगी, वर्षा भी उतनी ही होगी, क्योंकि अत्यधिक हरियाली वर्षा लाने में सहायक होती है। इससे जलस्त्रोतों की उपलब्धता बनी रहेगी, जिससे पक्षियों को जीवनदान मिलेगा। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पवन वशिष्ठ, निदेशक सज्जन सिंह सांगवान, सचिव सुखबीर सिंह सांगवान, प्राचार्य विक्रांत वशिष्ठ व संपूर्ण आर्यावर्त परिवार उपस्थित रहा।



पक्षियों के लिए घोसले व पानी के सकोरे रखती शिक्षिकाएं व विद्यार्थी।

### पहलगाम की घटना को लेकर दिशा स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली रैली

लोहारू। पिछले दिनों पहलगांव में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की क्रूर हत्या किए जाने से आक्रोषित होकर सोमवार को शहर के दिशा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शहर में रोष रैली निकाली और पाकिस्तान पौषित आतंकवाद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
C.E.T. रेलवे
CUET अग्निवीर
S.S.C. Delhi Police
अनुभवी अध्यापक नोटस पैकेज शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली, नजदीक बस स्टैण्ड, च. दादरी
9050035973, 9812611926

जय हिन्द आयुर्वेद एवं इलेक्ट्रो होम्योपैथी
भिवानी का पहला हेल्थ केयर जहां नाड़ी डिजिटल मशीन से देख कर रिपोर्ट कार्ड साथ दिया जाता है ताकि उचित इलाज किया जा सके।
- जैसे गाड़ी की सर्विस करवाते हो वैसे ही अपनी बॉडी की सर्विस करवाए ताकि बीमारी पास ही न आए।
- सभी बीमारियों का इलाज दवा से और बिना दवा के।
- लीपोमा की गांठ बिना ऑपरेशन इलाज।
- पीत पथरी, किडनी की पथरी,पेट की सभी बीमारी का इलाज।
- शुगर का इलाज,बवासीर और भगंदर का इलाज।
- औरतों की सभी बीमारी का इलाज।
- एक ही जगह सभी थैरपी फिजियो थैरपी, नाचरोथर्पी (मिट्टी पानी से इलाज), एक्यूप्रेशर थैरपी,कप थैरपी, योगा थैरपी, और बिना किसी साइड इफेक्ट के इलेक्ट्रो होम्योपैथी से सभी बीमारी का इलाज।
- सभी थेरेपी का डिप्लोमा और अनुभवी डॉक्टर द्वारा ट्रेनिंग दी जाती है।
- अपने बॉस खुद बने और बेरोजगारी से मुक्ति पाए महीने का 30/50 हजार कमाए खुद थेरेपिस्ट बनें।
Dr. Krishan Singh
(Naturopath) (रिटायर्ड फौजी)
BEMS, DNYS (MD), D.Ay.A, D.ma.T, D.Ay, D.P.K., DPT
मकान न. 4, पटेल नगर, सीआईडी ऑफिस के सामने, भिवानी
सम्पर्क सूत्र: 6005452863